बर्ड फ्लू का प्रकोप

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **राँची में एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में** बर्ड फ्लू, जिसे एवियन फ्लू भी कहा जाता है, के कई मामले सामने आने के बाद **झारखंड सरकार ने अलर्ट जारी किया।**

मुख्य बिंदु:

- राज्य की राजधानी में **होटवार में क्षेत्रीय पोल्ट्री फार्म में** मामलों की पुष्टि होने के बाद **मुर्गियों सहित लगभग 4000 पक्षियों को मार दिया गया** और **सैकड़ों अंडे भी नष्ट कर दिये गए।**
- सरकार द्वारा जारी **मानक संचालन प्रक्रियाओं का विवरण** देने वाले एक आदेश में कहा गया है कि क्षेत्रीय पोल्ट्री फार्म में शेष मुर्गों को मारने का काम आगामी दिनों में किया जाएगा और **वैज्ञानिक तरीकों से उनका निपटान** किया जाएगा।
- अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे **संक्रमण का पता लगाने और सफाया करने के लिये घटना केंद्र से 1 किलोमीटर के दायरे में एक सर्वेक्षण** करें। उन्हें 10 किलोमीटर क्षेत्र का नक्शा बनाकर उसे निगरानी क्षेत्र के रूप में चिह्नित करने को भी कहा गया है।
- **केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय** ने राज्य से इसके प्रसार को रोकने के लिये सभी उपाय करने को कहा है।

एवियन इन्फ्लूएंज़ा

- एवियन इन्फ्लूएंज़ा, जिसे आमतौर पर '**बर्ड फ्लू**' भी कहा जाता है, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल संक्रमण है जो मुख्य रूप से **पक्षियों**, विशेष रूप से **जंगली पक्षियों तथा घरेलू मुर्गीपालन** को प्रभावित करता है।
- वर्ष 1996 में अत्यधिक **रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंज़ा H5N1 वायरस** सर्वप्रथम दक्षिणी चीन में घरेलू जलपक्षियों में पाया गया था। इस वायरस का नाम **A/गूज़/गुआंगडोंग/1/1996** (A/goose/Guangdong/1/1996) है।
- **मनुष्यों में संचरण और संबंधित लक्षण:**
    - **H5N1** एवियन इन्फ्लूएंज़ा के मानव मामले कभी-कभी होते हैं, लेकिन संक्रमण को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलाना मुश्किल होता है। **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** के अनुसार, जब लोग इससे संक्रमित होते हैं तो **मृत्यु दर लगभग 60%** होती है।
        - यह **बुखार, खाँसी** और **मांसपेशियों में दर्द** सहित **हल्के फ्लू जैसे लक्षणों** से लेकर **निमोनिया, साँस लेने में कठिनाई** जैसी **गंभीर श्वसन समस्याओं** तथा यहाँ तक कि **कुप्रभावित मानसिक स्थिति** एवं **दौरे जैसी संज्ञानात्मक समस्याओं तक विस्तृत** हो सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bird-flu-outbreak-1